राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल श्री बागडे को डॉ. देवेन्द्र धोदावत ने अपनी काव्य कृति 'मां' की प्रति भेंट की

जयपुर, 2 दिसम्बर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे से सोमवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी और राज्यपाल, केरल के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. देवेन्द्र कुमार धोदावत ने मुलाकात कर अपनी काव्य कृति 'मां' की प्रति भेंट की। राज्यपाल श्री बागडे ने 'मां' पर लिखी उनकी कविताओं को पढ़कर सराहना की। उन्होंने काव्य कृति के लिए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी।

डॉ. धोदावत ने बताया कि 'मां' शब्द के आलोक में लिखी यह कविताएं उनकी अनुभूतियों से जुड़ी है। उन्होंने बताया कि मां की सीख की उपयोगिता पर इसमें लघु कविताओं के साथ ही पिता, दादी, भाई, बहन और परिवार से संबंधित मानवीय भावनाएं शब्दों में संजोई गई है।